# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–6651/25 दिनांक–24.07.25

**अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–समस्त जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की माह सितम्बर–2025 की मुख्य/पूरक परीक्षाओं का परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 24.07.2025 से 31.07.2025 सायं 05:00 बजे तक बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5573/25 दिनांक 20.06.2025, पत्र संख्या–5950/25 दिनांक 02.07.2025, पत्र संख्या–6171/25 दिनांक 10.07.2025, पत्र संख्या–6307/25 दिनांक 14.07.2025 एवं पत्र संख्या–6415/25 दिनांक 17.07.2025 एवं पत्र संख्या–6448/25 दिनांक 18.07.2025 के क्रम में आपको पुनः अवगत कराना है कि समस्त जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों के अर्ह छात्र/छात्राऐं जिनकी मुख्य/पूरक परीक्षाऐं माह सितम्बर–2025 में करायी जानी हैं, जिसकी परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 21.07.2025 निर्धारित थी। कतिपय संस्थानों द्वारा निर्धारित तिथि व समय तक अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है तथा इस कार्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का उल्लंघन है जो भविष्य में स्वीकार्य किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**अतः छात्र/छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु पोर्टल दिनांक 24.07.2025 से 31.07.2025 सायं 05:00 बजे तक ओपेन करते हुये अन्तिम अवसर दिया जा रहा है। परीक्षा शुल्क ऑनलाइन (नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड व यू0पी0आई0) के माध्यम से ही जमा कराना सुनिश्चित करें।**

उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि **31.07.2025 सायं 05:00 बजे** के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा शुल्क इस कार्यालय में जमा करना सम्भव नहीं होगा। उक्त निर्धारित तिथि तक सभी अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा न होने पर परीक्षा से वंचित होने वाले छात्र/छात्राओं की जिम्मेदारी स्वयं सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान की होगी।

**नोटः**–संस्थान द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान कर सफलता (STATUS-SUCCESS) की रसीद प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन परीक्षा शुल्क सम्बन्धी **फ्लो चार्ट** संलग्न किया जा रहा है, का अनुसरण कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

भवदीय,

(डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।

# समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों को शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करने का विस्तृत विवरण

जी0एन0एम0 ए0एन0एम0 समस्त पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की मुख्य/पूरक परीक्षाऐं माह सितम्बर–2025 की ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। जिसके लिए Flow Chart उपलब्ध कराया जा रहा है।

## ऑनलाइन परीक्षा शुल्क सम्बन्धी फ्लो चार्ट

**Step-1**

**UTTAR PRADESH STATE MEDICAL FACULTY**
https://upsmfac.org

**Step-2**

**UPSMF Online Fee Portal**
https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPMedical

**Step-3**

**UPSMF AFFILIATED COLLEGE PORTAL**
https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPSMFCollege

Step-3 पर क्लिक करने के पश्चात् फार्म खुल जायेगा जिसमें मांगी गई वांछित विस्तृत जानकारी भरने के पश्चात् Submit बटन पर क्लिक करने पर एक नये पेज पर भरी गई वांछित विस्तृत जानकारी प्रदर्शित होगी जिसमें एक **Transaction ID** भी प्रदर्शित होगी जिसे आप Save कर ले।

प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा Save की गई **Transaction ID** के माध्यम से जमा की गई शुल्क के रसीद को प्राप्त कर सकते हैं।

**Step-4**

**VERIFY YOUR PREVIOUS TRANSACTION HERE**
https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPSMFCollege/verifyTransaction
or
**Transaction Status Link:**
https://eazypay.icicibank.com/

Step-4 पर क्लिक कर **Transaction ID** अथवा **Mobile No** के माध्यम से पुनः रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निम्नांकित सम्पर्क सूत्रों से प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे के मध्य सम्पर्क किया जा सकता है–

1. श्री अभिनव पटेल –9712942974
2. श्री शुभम गुप्ता –9324913892